कुलपति ने किया टीएचडीसी आईएचईटी इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण

देहरादून (एसएनबी)। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने अधिकारियों के साथ नई टिहरी स्थित टीएचडीसी आईएचईटी इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया। कुलपति ने टीएचडीसी के अधिकारियों के साथ कालेज के संचालन में पूर्व में आई समस्याओं पर चर्चा की और मिलकर समस्याओं का समाधान करने पर सहमति जताई।

मंगलवार को निरीक्षण से पूर्व कुलति ने टीएचडीसी के कार्यपालक निदेशक एलपी जोशी व परियोजना के अधिकारियों के साथ चर्चा की। कार्यपालक निदेशक ने

कॉलेज का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

विशेष रूप से हाईड्रों एवं रिन्यूएबल एनर्जी पर कार्य होने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि सत्र 2023-24 से हाईड्रो रिन्यूएबल एनर्जी में एमटेक पूर्णकालिक व अल्पकालिक पाठ्यक्रम इसी सत्र संचालित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही कंप्युटर साइंस इंजीनियरिंग में सीटों की संख्या 60 से बढ़ा कर 120 करने का प्रस्ताव भी विश्वविद्यालय को भेजने का निर्देश दिया। कालेज निरीक्षण के बाद कुलपति ने शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कालेज का संचालन एमओयू के तहत किया जाएगा। कालेज के पास पर्याप्त संसाान है जिनका सदुपयोग छात्रों को अच्छी शिक्षा देने में किया जाना चाहिए। कुलपति ने विवि की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए गुटबाजी से बचने व संस्थान हित में कार्य करने की अपील की।

टीएचडीसी अधिकारियों से कालेज के संचालन में आई बाधाओं पर चर्चा

उन्होंने कालेज निदेशक को लंबित निर्माण कार्यो को पूरा करने का प्रस्ताव विवि के माध्यम से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपकरणों को ठीक कराने, प्लेसमेंट बढ़ाने, खेल-कूद की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, थ्योरी व प्रैक्टिकल कक्षाओं में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर कुलसचिव प्रोफेसर सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, कालेज के निदेशक डा.शरद कुमार प्रधान, टीएचडीसी के एजीएम एबी त्रिपाठी, जीएम विजय बहुगुणा आदि मौजूद थे।